दिनांकः 29.05.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- देशभर में आज से विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत–राज्य स्तरीय अभियान अजमेर के रलावता गांव से शुरू होगां
- प्रदेश में ऑपरेशन शील्ड के तहत आज होने वाली सिविल मॉकड्रिल प्रशासनिक कारणों से स्थगित की गई
- राज्य में दिनभर उमसभरी गर्मी के बाद शाम को मौसम में बदलाव से कई स्थानों पर आंधी और बारिशं
- महाराणा प्रताप जयंती प्रदेशभर में श्रद्धापूर्वक मनाई जा रही हैं

000

देशभर में आज से विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरू हो रहा हैं 12 जून तक चलने वाले इस अभियान के तहत किसानों को खेती की आधुनिक तकनीकों के बारे में जागरुक किया जाएगां साथ ही उन्हें सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी जाएगीं अभियान कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से राज्य सरकारों के सहयोग से 700 से अधिक जिलों में आयोजित किया जाएगां इस दौरान कृषि वैज्ञानिकों की टीमें गांवों में जाकर किसानों से संवाद करेंगीं केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 15 दिनों के इस अभियान में 20 राज्यों में प्रवास कर किसानों से रूबरू होंगें
राज्य स्तरीय अभियान की शुरूआत अजमेर के रलावता गांव से होगीं अभियान के दौरान राज्य के सभी जिलों में 270 से अधिक कृषि वैज्ञानिक 3 हजार 959 गांवों में जाकर किसानों से संवाद करेंगें जोधपुर में आज अभियान की शुरूआत काजरी परिसर से की जाएगीं हमारे संवाददाता ने बताया कि इस दौरान जनजागरुकता रथ को रवाना किया जाएगां

..............

000

प्रदेश में ऑपरेशन शील्ड के तहत आज होने वाली सिविल मॉकड्रिल को प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दिया गया हैं राज्य सरकार ने इस संबंध में कल रात आदेश जारी कियें मॉकड्रिल के लिए नई तारीखें बाद में घोषित की जाएंगीं गौरतलब है कि गृह मंत्रालय की ओर से पश्चिमी सीमा से लगे राज्यों और केन्द्र शासित प्रदशों के सभी जिलों में आज नागरिक सुरक्षा अभ्यास आयोजित किए जाने के निर्देश गये थें

000

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पांच जून से प्रदेश में जल स्वावलंबन पखवाड़े की शुरूआत होगीं 20 जून तक चलने वाले पखवाड़े के दौरान वर्षा जल के अधिक संग्रहण, जल स्रोतों के रख–रखाव और स्वच्छता के काम किये जाएंगें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पखवाड़े के सफल आयोजन को लेकर कल बैठक कीं मुख्यमंत्री निवास पर हुई इस बैठक में श्री शर्मा ने सबका श्रम–सबकी सहभागिता' की भावना के साथ जल स्वावलम्बन अभियान को जन आंदोलन बनाने के अधिकारियों को निर्देश दियें

..............

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन करेंगीं दो दिन के इस सम्मेलन में कई सत्र होंगें इनमें कवियों से मुलाक़ात, भारत का स्त्रीवादी साहित्य, साहित्य में परिवर्तन बनाम साहित्य से परिवर्तन तथा वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारतीय साहित्य की नई दिशा विषय पर सत्र शामिल हैं सम्मेलन में देवी अहिल्याबाई होल्कर की गाथा भी प्रस्तुत की जाएगीं सम्मेलन का आयोजन साहित्य अकादमी के साथ मिलकर किया गया हैं सम्मेलन में संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और देशभर की साहित्यिक हस्तियां शामिल होंगीं

000

राज्य में कल दिनभर उमसभरी गर्मी के बाद शाम को कई स्थानों पर धूलभरी आंधी चली और बरसात हुईं इससे तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की गईं मौसम विभाग के अनुसार उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुईं जैसलमेर के पोखरण क्षेत्र में हुई बारिश से तेज गर्मी से लोगों को राहत मिलीं बालोतरा के पाटोदी और कल्याणपुर तहसील में अच्छी बरसात हुईं पाली में रातभर रुक रुक कर बरसात का दौर चलां हमारे भीलवाडा संवाददाता ने बताया कि वहां कहीं–कहीं रिमझिम तो कहीं तेज बरसात हुईं

..............

प्रदेश में आज राजधानी जयपुर सहित कई स्थानों पर सुबह से बादल छाए हुए हैं मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आज जयपुर, अलवर और जैसलमेर तथा आस–पास के क्षेत्रों में बारिश होने की संभावना हैं वहीं उदयपुर और कोटा संभाग के कुछ हिस्सों में अगले दो–तीन दिन मध्यम से तेज वर्षा होने का पूर्वानुमान हैं इस बीच, राज्य के दक्षिण–पश्चिम क्षेत्रों में अगले 48 घंटों में तापमान 45 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना हैं साथ ही हवा में नमी की मात्रा अधिक होने के कारण उमसभरी गर्मी रहेगीं

000

संघ लोक सेवा आयोग ने पंजीकरण और आवेदन पत्र भरने के लिए एक नया ऑनलाइन आवेदन पोर्टल शुरू किया हैं यह पोर्टल उम्मीदवारों को किसी भी समय आवेदन पत्र के पहले तीन भाग भरने और आयोग की किसी भी परीक्षा में आवेदन करने के लिए तैयार रहने की सुविधा प्रदान करेगां
इससे समय की बचत होगी और अंतिम समय में होने वाली असुविधा से बचा जा सकेगां आवेदकों को आयोग की वेबसाइट पर शुरू किए गए पोर्टल में नए सिरे से आवेदन भरना और अपने दस्तावेज़ अपलोड करना आवश्यक हैं पुराना वन टाइम रजिस्ट्रेशन मॉड्यूल अब से लागू नहीं होगां

000

महाराणा प्रताप जयंती आज प्रदेशभर में श्रद्धापूर्वक मनाई जा रही हैं इस अवसर पर विभिन्न कायक्रम आयोजित कर उनके शौर्य और पराक्रम को नमन किया जा रहा हैं अजमेर के पुष्कर स्थित महाराणा प्रताप स्मारक पर समारोह रखा गया हैं इस दौरान परम्परागत रूप से भरने वाला मेला भी आयोजित किया जा रहा हैं कोटा में सर्व समाज की ओर से शोभायात्रा निकाली जाएगीं

इससे पहले, कल उदयपुर में आयोजित संगोष्ठी में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने शिरकत कीं उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप भारत के स्वराज और स्वाभिमान की लड़ाई के पुरोधा हैं राज्यपाल ने कहा कि उनका संपूर्ण जीवन स्वाभिमान के लिए संघर्ष की प्रेरणा देता हैं

इधर, जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में 'शौर्य गाथा के रंग' विषय पर समारोह आयोजित किया गयां कार्यक्रम को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप ने सत्य, धर्म और राष्ट्रहित के मार्ग पर चलना सिखाया हैं श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट विकसित किया जा रहा हैं

इसमें महाराणा प्रताप के जीवन से जुड़े विभिन्न स्थलों चावंड–हल्दीघाटी–गोगुंदा–कुंभलगढ़–दिवेर–उदयपुर को शामिल किया गया हैं उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोच और खेल विशेषज्ञ तैयार करने के लिए महाराणा प्रताप खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगीं

000